**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

**PUNJAB KESARI**

# भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थीः कुलपति

- **सतत विकास के लिए स्थायी समाधान देने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. गक्खड़**



सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. दिनेश मोहन को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीएए फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एस. के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालयए दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन विशिष्ट अतिथि तथ मुख्य वक्ता रहे।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस के गर्ग और डीन साइंसेज प्रो.आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे। सम्मेलन का संयोजन कैमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीण्वीण् रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने तथा इससे प्रेरणा लें। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का भी आह्वान किया। उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने में विज्ञान और युवा वैज्ञानिकों की भूमिका का भी वर्णन किया।

सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. एस के गक्खड़ ने सतत विकास के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने में जेसी बोस विश्वविद्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।


पंजाब केसरी www.PunjabKesari.com
Tue, 02 March 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/58798748

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

## DAINIK SAVERA TIMES

# भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें छात्रः कुलपति दिनेश

### ● सतत विकास के लिए स्थायी समाधान देने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. गक्खड़



सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. दिनेश मोहन को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

फरीदाबाद, 1 मार्च (नवीन धमीजा): यहां स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीएए द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित 2 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में रेवाड़ी स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रो. एस. के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र में दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालयए के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन विशिष्ट अतिथि तथ मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस के गर्ग और डीन साइंसेज प्रो.आशुतोष दीक्षति भी उपस्थित थे। सम्मेलन का संयोजन कैमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सी.वी. रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने तथा इससे प्रेरणा लें। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का भी आह्वान किया। उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने में विज्ञान और युवा वैज्ञानिकों की भूमिका का भी वर्णन किया।

सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. एस के गक्खड़ ने सतत विकास के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने में जेसी बोस विश्वविद्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

दैनिक सवेरा Tue, 02 March 2021
epaper.dainiksaveratimes.org/c/58799928

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

**THE PIONEER**

# भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थीः कुलपति

## सतत विकास के लिए स्थायी समाधान देने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. गक्खड़



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एस. के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन विशिष्ट अतिथि तथ मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और डीन साइंसेज प्रो. आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in



**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

## PUNJAB KESARI

# 'सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका' पर राष्ट्रीय सम्मेलन

### भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थीः कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद, 1 मार्च (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सीवी रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एस. के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन विशिष्ट अतिथि तथ मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और डीन साइंसेज प्रो. आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी. रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने तथा इससे प्रेरणा लें। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का भी आह्वान किया। उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने में विज्ञान और युवा वैज्ञानिकों की भूमिका का भी वर्णन किया। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. एस.के. गक्खड़ ने सतत विकास के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने में जेसी बोस विश्वविद्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. दिनेश मोहन ने ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में विभिन्न समाधानों के बारे में जानकारी दी, जिसमें उन्होंने विशेष रूप से बायोमास जलाने से होने वाले प्रदूषण एवं समाधान के बारे में भी बताया। दूसरे सत्र में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अमितांशु पटनायक ने लेजर आधारित रिमोट सेंसिंग पर जानकारी दी। सम्मेलन को दिल्ली विश्वविद्यालय के कैमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर आर के शर्मा ने भी संबोधित किया तथा हरित रसायन विज्ञान की अवधारणाओं और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग के बारे में बताया।



*सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. दिनेश मोहन को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)*

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

## SATYAJAY TIMES

# भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थी : कुलपति दिनेश

## सतत विकास के लिए स्थायी समाधान देने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. गक्खड़

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 1 मार्च। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीए द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एस. के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन विशिष्ट अतिथि तथ मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस के गर्ग और डीन साइंसेज प्रो. आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे। सम्मेलन का संयोजन कैमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने तथा इससे प्रेरणा लें। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का भी आह्वान किया। उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने में विज्ञान और युवा वैज्ञानिकों की भूमिका का भी वर्णन किया।



सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. एस के गक्खड़ ने सतत विकास के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने में जेसी बोस विश्वविद्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

**AAJ SAMAJ**

# भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थी : कुलपति



सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. दिनेश मोहन को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीएए फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

## DAINIK JAGRAN

# ‘400 युवाओं को रोजगार दिलाना लक्ष्य’



जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति दिनेश कुमार रोजगार मेले की जानकारी देते हुए, बाईं तरफ हैं आरएसएस प्रांत प्रमुख गंगा शंकर मिश्र • सौ. जेसी बोस यूनिवर्सिटी

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : भाऊराव देवरस सेवा न्यास के तहत चलने वाले प्रकल्प समर्थ भारत की ओर से छह मार्च को एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन कोरोना काल में नौकरी गंवाने वाले और नौकरी तलाश रहे युवाओं को रोजगार दिलाना है। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में शनिवार को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक रोजगार शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को वाईएमसीए में इस संबंध में हुई प्रेस वार्ता में दी गई।

भारत प्रकल्प के प्रमुख शोनाल गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल में रोजगार को लेकर परेशान हुए युवाओं की मदद के लिए जून में यह मुहिम शुरू की थी। शिविर का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देना, रोजगार दिलाने में मदद करना और स्वरोजगार के लिए सहयोग देना है। आगामी रोजगार शिविर में 40 से ज्यादा कंपनी के प्रतिनिधि योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगे। इनमें इंपीरियल आटो, शिवानी लाक्स, इंडो आटोटेक, परफेक्ट ब्रेड, रेडिसन होटल आदि कंपनियां प्रमुख हैं। इसके तहत 10वीं से लेकर एमबीए तक की डिग्री धारकों को रोजगार पाने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 400 से ज्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। आवेदक रोजगार शिविर में पहुंचकर भी पंजीकरण करा सकेंगे। जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि संस्थानों में मौजूद पदों पर सही उम्मीदवारों को ढूंढना और रोजगार दिलाने में युवाओं की मदद करने में ये शिविर लाभकारी साबित होगा।

इस मौके पर रोजगार मेला संयोजक तरुण, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सुनील, जेबी नैलवाल, राकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ



■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी द्वारा सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर यूनिवर्सिटी विज्ञान विभाग द्वारा 2 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें एक राष्ट्रीय सम्मेलन था। इसके अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी हुई। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी रेवाड़ी के कुलपति प्रफेसर एसके गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि छात्र वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने और इससे प्रेरणा लें।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

**AMAR UJALA**

# भारतीय वैज्ञानिकों से प्रेरणा लें विद्यार्थी : कुलपति दिनेश

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति और विज्ञान क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में यह दिन मनाया जाता है। विज्ञान संकाय की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जानें उनसे प्रेरणा लें। सत्र को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एसके गक्खड़ ने सतत विकास के लिए स्थायी समाधान प्रदान में जेसी बोस विवि की भूमिका पर बात की। जवाहरलाल नेहरू विवि, दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन ने ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में विभिन्न समाधानों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और डीन साइंसेज प्रो आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित रहे।

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

## DAINIK BHASKAR

# स्मार्ट तौर तरीकों से मिल सकते हैं ऊर्जा और पर्यावरण के लिए स्थायी समाधानः प्रो. दिनेश

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इसके उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एसके गक्खड़ मुख्य अतिथि थे। जबकि सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज के प्रो. दिनेश मोहन मुख्य वक्ता थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जानें तथा इससे प्रेरणा लें। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने में विज्ञान और युवा वैज्ञानिकों की भूमिका का भी वर्णन किया। प्रो. एसके गक्खड़ ने सतत विकास के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने में जेसी बोस विश्वविद्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. दिनेश मोहन ने ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में विभिन्न समाधानों के बारे में जानकारी दी। इसमें उन्होंने विशेष रूप से बायोमास जलाने से होने वाले प्रदूषण एवं समाधान के बारे में बताया।

**NEWS CLIPPING: 02.03.2021**

**HINDUSTAN**

# वैज्ञानिकों की भूमिका बताई

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। साथ ही छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एसके गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि छात्र वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने व इससे प्रेरणा लें।